# कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास) जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

E-mail:-dpojgr@rediffmail.com

क्र./365/मबावि/स्था./2026–27 जांजगीर, दिनांक 18/5/2026

**//विज्ञापन//**

**मिशन शक्ति अंतर्गत शक्ति सदन योजना के संचालन हेतु संविदा स्वीकृत पदों में नियुक्ति हेतु विज्ञापन।**

भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना ''मिशन शक्ति'' की शुरूआत की है। मिशन शक्ति के अंतर्गत **शक्ति सदन संचालन** किया गया है। मिशन शक्ति के दिशा निर्देशों के अनुसार जिला स्तरीय शक्ति सदन हेतु जिले मे 07 संविदा पदों की पूर्ति हेतु स्वीकृति प्राप्त है। जिसके लिए पूर्व में आवेदन पत्र **दिनांक 08/01/2026 से 23/01/2026** तक https://wcd.e-bharti.in/janjgir-champa ऑनलाईन के माध्यम से मंगाया गया था। जिसमें पात्र अभ्यर्थी नही मिलने के कारण उक्त विज्ञापन को निरस्त करते हुए पुनः ऑफ लाईन विज्ञापन जारी किया जा रहा है।

आवेदन पत्र **दिनांक 19/05/2026 से 02/06/2026 तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला जांजगीर–चांपा, (छ.ग.)** में निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय 05:30 बजे तक प्राप्त होना चाहिए। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जावेगा। **आवेदन रजिस्टर्ड डाक/स्पीडपोस्ट/कोरियर के माध्यम से प्रेषित आवेदनों को स्वीकार किया जावेगा।** विज्ञापित पद निम्नानुसार हैः–

| क्र. | पदनाम | पद संख्या | जिले में स्वीकृत पदों की संख्या (महिला हेतु) | | | | | वेतन मैट्रिक्स लेवल | एकमुश्त/ संविदा मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अ.ज.जा. | अ.जा. | अपिव. | योग | | |
| 1 | आवासीय अधीक्षक | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 | 07 | 20900 |
| 2 | कार्यालय सहायक | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 | 05 | 16310 |
| 3 | रसोईयां | 02 | 00 | 01 | 01 | 0 | 02 | 02 | 6135 (अर्द्धकालीन संविदा) |
| 4 | सुरक्षा गार्ड/चौकीदार | 03 | 01 | 01 | 01 | 0 | 03 | 01 | 11360 |
| | कुल :– | 07 | | | | | | | |

**चयन हेतु आवश्यक शर्तेः–**

1. शक्ति सदन में समस्त कर्मचारी महिलायें होंगी।
2. शक्ति सदन के आवासीय अधीक्षक पद हेतु अभ्यर्थी की आयु 01.01.2026 को 23 से कम न हो तथा 45 वर्ष से अधिक न हो।
3. शक्ति सदन के कार्यालय सहायक पद हेतु अभ्यर्थी की आयु 01.01.2026 को 21 से कम न हो तथा 45 वर्ष से अधिक न हो।
4. शक्ति सदन के शेष पदों हेतु अभ्यर्थी की आयु 01.01.2026 को 18 वर्ष से कम न हो तथा 45 वर्ष से अधिक न हो।
5. आयु के सत्यापन हेतु जन्म प्रमाण–पत्र या कक्षा 8 वीं, 10 वीं की अंक सूची, जिसमें जन्म तिथि अंकित हो, के आधार पर किया जावेगा। दस्तावेज सत्यापन के समय अंक सूची मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित प्रति लाना अनिवार्य होगा।
6. कोई भी उम्मीदवार, जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु सीमा से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा/होगी। चयन होने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी को



Scanned with OKEN Scanner

रू. 50/– के स्टॉम्प पेपर पर नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित तत्संबंधी शपथ–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

7 आवेदन पत्र के साथ वांछित प्रमाण–पत्र एवं अंकसूची व अन्य दस्तावेज स्व स्वयं द्वारा स्व प्रमाणित किया जावे।

8 अनुभव के संबंध मे अभ्यर्थी को संबंधित संस्था के नियोक्ता द्वारा जारी पूर्णकालिक कार्यानुभव राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित/सत्यापित अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा। अनुभव प्रमाण पत्र की प्रमाणिकता का परीक्षण अनिवार्यतः किया जाये।

9 किसी भी प्रकार का स्वैच्छिक सेवा का प्रमाण पत्र अनुभव के रूप मे मान्य नहीं किया जावेगा।

10 प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन देना होगा। लिफाफ के ऊपर आवेदक द्वारा पद का नाम, जिसके लिये आवेदन किया जा रहा है, स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है। आवेदक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पूर्ण पता (ई–मेल एड्रेस एवं मोबाईल नंबर सहित) आवश्यक रूप से अंकित होना चाहिए।

11 आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर ले तथा विज्ञापित पद के लिये निर्धारित अर्हता एवं शर्तो को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भेंजे। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अयोग्य पाये जाने पर उनका आवेदन पत्र निरस्त कर उनकी उम्मीदवारी समाप्त की जा सकेगी।

12 उपरोक्तानुसार अर्हता के आधार पर आवेदन आमंत्रित किए जाएगें तथा अंकीय प्रणाली के आधार पर वरीयता तैयार करते हुए कौशल परीक्षा के आधार पर चयन की प्रकिया की जायेगी। अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता में शिथिलता नही दी जावेगी। केवल विशेष प्रकरण में योग्य आवेदक न मिलने पर ही संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुमति के उपरांत ही अनिवार्य न्युनतम अनुभव में शिथिलता दी जा सकेगी।

13 आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट/कोरियर के माध्यम से प्रेषित आवेदनों को स्वीकार किया जावेगा।

14 कौशल परीक्षा/वॉक इंटरव्यू में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/ अन्य भत्ता देय नही होगा।

15 योजना के अंतर्गत एकमुश्त संविदा वेतन पर नियुक्त कर्मचारी छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचारण नियम 1965 से शासित होंगे तथा इन नियमों का पालन करने बाध्य होंगे।

16 अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया निवास प्रमाण पत्र ही मान्य किए जावेंगे।

17 उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक पति/पत्नी जीवित हो, पात्र नहीं होगा/होगी। ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है। अर्थात् यदि शासन का इस बात से समाधान हो जाये कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।

18 अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के पश्चात का अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य की जावेगी।

19 आवेदक द्वारा आवेदन में दिए गए अनुभव को मान्य करने के संबंध मे नियुक्ति अधिकारी (जिला कलेक्टर) का निर्णय ही अंतिम होगा।

20 शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपने आवेदन पत्र को नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण–पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा।

21 अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रृटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध मे उम्मीदवारों को पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी एवं ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जावेंगे। निर्धारित योग्यता ना रखने वाले उम्मीदवार कृपया आवेदन ना करें।

22 आवेदन निर्धारित की गयी तिथि एवं समय तक ही स्वीकार किया जावेगा। आवेदन पत्र **दिनांक 19/05/2026 से 02/06/2026 तक कार्यालय जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला जांजगीर–चांपा, (छ.ग.)** में निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय 05:30 बजे तक



Scanned with OKEN Scanner

प्राप्त होना चाहिए। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जावेगा। रजिस्टर्ड डाक/स्पीडपोस्ट /कोरियर के माध्यम से प्रेषित आवेदनों को स्वीकार किया जावेगा।

1 **आवेदनों के मूल्यांकन हेतु अंकीय प्रणाली में निम्नानुसार अंक रखे जायेंगे–**

1 वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए अधिकतम 60 अंक।

2 न्यूनतम अनुभव के पश्चात् प्रत्येक अतिरिक्त वर्ष के अनुभव के लिए 02 अंक दिये जायेंगे, अधिकतम 20 अंक।

3 उपरोक्त तीनों बिंदुओं के आधार पर कुल 80 अंक के आधार पर मैरिट तैयार की जाएगी। वॉक इन इन्टरव्यू/कौशल परीक्षा हेतु 20 अंक निर्धारित रहेंगे। इन पदों पर दोनों रखा जाना है वहां दोनो में 10–10 अंक होंगें। अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता, अनुभव अंक में प्राप्त अंकों के आधार पर वरियता सूची अनुसार 01 पद के विरूद्ध 1:5 के अनुपात में वॉक इंटरव्यू/कौशल परीक्षा हेतु आवेदकों को आमंत्रित किया जावेगा एवं उपरोक्तानुसार प्रकिया के अनुसार अंतिम चयन सूची तैयार की जायेगी एवं चयन किया जायेगा। चयन समिति द्वारा चयन हेतु अनुशंसा सूची कलेक्टर को प्रेषित की जावेगी एवं कलेक्टर द्वारा नियुक्ति आदेश जारी किया जायेगा। अभ्यर्थियों के चयन मेरिट सूची मे समान अंक होने की दशा मे उम्र मे वरिष्ठता के आधार पर चयन में वरीयता दी जावेगी।

4 **चयन हेतु आर्हताएं, मापदण्ड एवं अन्य शर्ते** :– भारत शासन द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत दिए गए मार्गदर्शी निर्देश मे चयन हेतु उल्लेखित न्यूनतम आर्हता में राज्य की आवश्यकताओं के आलोक में राज्य एवं जिले के लिए वित्तीय मापदंडो को भी ध्यान में रखते हुए अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, अनिवार्य कौशल, अनिवार्य अनुभव एवं वांछित अतिरिक्त योग्यता एवं अन्य शर्तो का निम्नानुसार निर्धारण किया गया है:–

**4.1 शक्ति सदन संचालन हेतु शैक्षणिक अनिवार्य कौशल, अनिवार्य अनुभवः–**

| क. | पदनाम | अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | अनिवार्य कौशल | अनिवार्य न्यूनतम अनुभव | वांछनीय शर्ते | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **आवासीय अधीक्षक** | विधि/सामाजिक कार्य/समाज शास्त्र / सामाजिक विज्ञान/मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर | कम्प्यूटर का सामान्य ज्ञान होना चाहिए | शासकीय/अर्द्धशासकीय परियोजना/ कार्यक्रमों में महिलाओं से संबंधित प्रासंगिक क्षेत्र में प्रशासनिक पद पर कार्य का न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव तथा उसी पद के भीतर या बाहर काउंसलिंग का कम से कम 01 वर्ष का अनुभव को प्राथमिकता दी जायेगी। | स्थानीय समुदाय / परिवेश के क्षेत्र के महिला अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी। ताकि केन्द्र के प्रभावी संचालन हेतु मानव संसाधन एवं विशेषज्ञता। | आयु 01.01. 2026 को 23 वर्ष से कम न हो तथा 45 वर्ष से अधिक न हो |
| 2 | **कार्यालय सहायक** | किसी भी विषय में स्नातक | कम्प्यूटर का अच्छा ज्ञान एवं एम.एस. ऑफिस में कार्य करने की क्षमता | राज्य या जिला स्तर पर शासकीय/ अशासकीय संगठनों में कार्यालयीन कार्य करने का न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव। | – | आयु 01.01. 2026 को 21 वर्ष से कम न हो तथा 45 वर्ष से अधिक न हो |
| 3 | **रसोईयां** | किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल (दसवी उत्तीर्ण) या समकक्ष शैक्षणिक योग्यता | – | संबंधित क्षेत्र में काम करने का अनुभव | – | आयु 01.01. 2026 को 18 वर्ष से कम न हो तथा 45 वर्ष से अधिक न हो |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सुरक्षा गार्ड/चौकीदार | आठवी उत्तीर्ण | — | राज्य या जिला स्तर पर शासकीय/प्रतिष्ठित संस्थान में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्य करने का कम से कम 02 वर्ष का अनुभव। | सेवा निवृत्त सैन्य / अर्द्ध सैन्य व्यक्ति / व्यक्ति को प्राथमिकता दी जायेगी। | आयु 01.01. 2026 को 18 वर्ष से कम न हो। |

**नियुक्ति की अवधिः–**

1 इन समस्त पदों पर प्रथम बार में संविदा/एकमुश्त वेतन पर अधिकतम 02 वर्ष की अवधि हेतु योग्य अभ्यर्थियों का चयन/नियुक्त किया जाएगा तथा तद्पश्चात् कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता के आधार पर तथा नियंत्रणकर्ता अधिकारी की अनुशंसा के आधार पर उपयुक्तता का आंकलन कर संविदा/सेवा अवधि प्रत्येक बार 1 या 2 वर्ष के लिए जिला कलेक्टर द्वारा बढ़ाने का निर्णय लिया जा सकेगा अन्यथा संविदा नियुक्ति की अवधि समाप्ति पर नियुक्ति स्वमेव समाप्त मानी जाएगी। संविदा की यह अवधि भारत शासन द्वारा योजना की अवधि तक ही सीमित होगी।

2 नियुक्ति अवधि में शक्ति सदन के प्रावधान के अनुसार संविदा वेतन देय होगा। तथा संविदा वेतन के अतिरिक्त कोई वेतन भत्ता की पात्रता नही होगी।

3 इन कर्मियों को अवकाश सुविधा राज्य में प्रचलित छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 यथा संशोधित मे संविदा कर्मियों को देय सुविधा के अनुसार दिया जावेगा। विशेष परिस्थितियों पर आवश्यकता होने पर कही यात्रा में भेजे जाने पर अथवा प्रशिक्षण पर भेजे जाने की दशा में यथोचित स्वीकृति के उपरांत समकक्ष पद के अनुरूप यात्रा भत्ता देय होगा।

4 चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कारण बतायें भी समाप्त की जा सकती है। संविदा सेवा अवधि के दौरान दोनों पक्ष में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।

5 इस पद की अवधि भारत शासन द्वारा योजना संचालन की अवधि तक ही सीमित होगी एवं तदोपरांत पद समाप्त कर दिये जायेंगे। पद समाप्ति के उपरांत कार्य कमी की विभाग की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

6 चयनित अभ्यर्थियों को जिला मेडिकल बोर्ड जांजगीर–चांपा में स्वास्थ्य परीक्षण कराकर फिटनेस प्रमाण पत्र 01 माह के भीतर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। स्वास्थ्य परीक्षण में शासकीय सेवा के लिए अयोग्य पाये जाने पर उनकी सेवाएं समाप्त कर दी जावेगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास) जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

E-mail:-dpojgr@rediffmail.com


## //प्रेस विज्ञप्ति//

### मिशन शक्ति अंतर्गत शक्ति सदन के संचालन हेतु संविदा स्वीकृत पदों में नियुक्ति हेतु विज्ञापन

भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना "मिशन शक्ति" की शुरूआत की है। मिशन शक्ति के अंतर्गत **शक्ति सदन संचालन** के दिशा निर्देशों के अनुसार जिले मे 07 स्वीकृत संविदा पद की पूर्ति हेतु आवेदन पत्र **दिनांक 19/05/2026 से 02/06/2026 तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला जांजगीर–चांपा, (छ.ग.)** में निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय 05:30 बजे तक प्राप्त होना चाहिए। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जावेगा। **आवेदन रजिस्टर्ड डाक/ स्पीडपोस्ट/कोरियर के माध्यम से प्रेषित आवेदनों को स्वीकार किया जावेगा।**

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईट https://janjgir-champa.gov.in/en/ व कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

क्र./366 /मबावि/स्था./2026–27 जांजगीर, दिनांक 18/05/2026

प्रतिलिपिः–

1 कलेक्टर जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ।

2 उप संचालक, जनसम्पर्क विभाग जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ कर लेख है कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति को प्रमुख समाचार पत्रों मे निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करेंगे।

3 जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी (N.I.C.) जिला जांजगीर–चांपा को सूचनार्थ कर लेख है कि उक्त विज्ञापन को जिले के वेबसाईट में अपलोड़ करने का कष्ट करेंगे ।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

## आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

स्वयं द्वारा अभि प्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो पर हस्ताक्षर जिसका आधा भाग फोटो एवं आधा आवेदन पत्र में होना चाहिए चस्पा करें।

1. आवेदित पद का नाम :–.......................................................................

2. आवेदक/आवेदिका का नाम (हिन्दी में):–.......................................................................
(अंग्रेजी में) :–.......................................................................

3. पिता/पति का नाम :–.......................................................................

4. स्थायी पता :–.......................................................................
.......................................................................

5. (वर्तमान पता) :–.......................................................................
.......................................................................
दूरभाष/मो.नं.......................................................................

6. जन्मतिथि (अंको में) :–.......................................................................
(शब्दो में) :–.......................................................................

7. दिनांक 01/01/2026 को :–वर्ष ..................... माह ..................... दिन .....................
(पुष्टि हेतु हाई स्कूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करे।)
आयु

8. लिंग पुरूष/महिला :–.......................................................................

9. जाति/वर्ग (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./सामान्य) जाति.............................वर्ग.........................

10. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत हैं ? :– हॉ / नही
(यदि हॉ तो सक्षम अधिकारी का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करे।)

11. विवाहित/अविवाहित/विधुर/परित्यक्ता :–.......................................................................

12. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि व जीवित बच्चों की संख्या :–.............................

13. शैक्षणिक योग्यता:– (जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/संस्था/वि.वि. का नाम | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |



Scanned with OKEN Scanner

14. अन्य योग्यता :-.......................................................................................

15 अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :-.......................................................................................

| संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव का विवरण कब से कब तक | वेतन एवं पद छोड़ने का कारण | कार्य का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक पत्रक में संलग्न कर सकते है।

16. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक व दिनांक .......................................................

17. रोजगार कार्यालय का नाम व जिला .......................................................................

18. जाति प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त/जारी) संलग्न करे।

19. निवास प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त/जारी) संलग्न करे।

20. अनिवार्य संलग्नकों की सूची:-

  1. जन्म तिथि हेतु 10 वीं की अंकूसची/प्रमाण पत्र
  2. 12 वीं अंकसूची
  3. व्यवसायिक पाठ्यक्रम का प्रमाण पत्र
  4. मूल निवास प्रमाण पत्र।
  1. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र।
  2. पहचान पत्र/आधार कार्ड/वोटर आईडी इत्यादि।
  3. एक लिफाफा जिसमे स्वयं का पता लिखा व 10 रू डाक टिकट सहित।

**17. अन्य संलग्नकों का विवरण**

1.........................................2.........................................3...............................

4.........................................5.........................................6...............................

7.........................................8.........................................9...............................

**आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम**

**//घोषणा पत्र//**

मैं घोषण करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण मेरे सर्वोत्तम विश्वास एवं जानकारी के अनुसार सत्य पूर्ण एवं सही है एवं आवेदित पत्र के लिए मैं निर्धारित योग्यता रखता/रखती हूँ। मुझे जानकारी है कि इसमें दी गई कोई भी जानकारी या सूचना गलत असत्य या अपूर्ण पाये जाने पर उक्त पद के लिए मेरी उम्मीदवारी रद्द या निरस्त की जा सकती है। इस संबंध में मुझे कोई नोटिस दिये बिना मेरी सेवायें समाप्त की जा सकती है।

स्थान :-

दिनांक :-

**आवेदक के पूर्ण हस्ताक्षर**
**पूरा नाम एवं पता**
**मोबाइल नम्बर-**
**ईमेल आईडी-**



Scanned with OKEN Scanner